केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

सावधिक परीक्षा कक्षा -11

विषय हिंदी (2022-2023)

समय -90 मिनट पूर्णांक -40

( खंड -क)

प्रश्न 1. अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×5=5)

स्वावलम्बी व्यक्ति के सामने असम्भव कार्य भी सम्भव दीखने लगता है। स्वावलम्बन के दो पहलू हैंआत्मनिश्चय और आत्मनिर्भरता । इसे इस दृष्टान्त से अच्छी तरह समझा जा सकता है- एक बार विधाता अपनी सृष्टि को देखने निकले। धरती पर पहुँच कर उन्होंने देखा कि एक किसान फावड़ा लेकर विशाल पर्वत की जड़ खोद रहा है। उन्होंने किसान से इसका कारण पूछा। किसान ने बताया-बादल आते हैं और इस पर्वत से टकराकर इसकी दूसरी ओर वर्षा कर देते हैं। मेरे खेत सूखे ही रह जाते हैं। अतएव इसे मैं हटाकर ही दम लूँगा। विधाता किसान के स्वावलम्बन से प्रभावित होकर आगे बढ़े। तभी पर्वत गिड़गिड़ाने लगा-भगवान् इस किसान से मेरी रक्षा कीजिए। विधाता ने पूछा 'तुम एक छोटे से किसान से इतने भयभीत हो? पर्वत बोला-'किसान छोटा है तो क्या? वह स्वावलम्बी है। उसका आत्मविश्वास अडिग है। इन दोनों के सहारे वह मुझे हटाकर ही दम लेगा।' इसके ठीक विपरीत छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दूसरों पर आश्रित रहना पावलम्बन कहलाता है। परावलम्बी व्यक्ति हाथ रहते लेला और पैर रहते लंगड़ा रहता है। जिसमें अपने पैरों पो खड़े होने का सामर्थ्य नहीं है, वह दूसरों का कन्धा पकड़कर कब तक चलता रहेगा? एक झटका लगते ही ऐसा व्यक्ति धराशायी हो जाता है। इसे इस दृष्टांत से समझा जा सकता है। मेज के सहारे एक शीशा रखा था। चंचल बालक ने मेज को थोड़ा-सा अलग कर दिया और शीशा गिरकर चूर-चूर हो गया। अतःजीवन में जो व्यक्ति दूसरों के सहारे खड़ा होना चाहते हैं, उनका अंने भी ऐसा ही करुण होता है। कहा भी गया है ईश्वर भी उसी की सहायता करता है जो अपनी सहायता स्वसं करता है।

विश्व-इतिहास ऐसे महापुरुषों के उदाहरणों से भरा पड़ा है जिन्होंने स्वावलम्बन का सहारा लिया है। महाकवि तुलसीदास बचपन से ही अनाथ थे। वे दाने-दाने के लिए भी मुहताज रहते थे, फिर भी आत्मनिर्भरता के सहारे ही स्वतंत्र लेखन का कार्य कर भारत के लोककवि कहलाये।

1.स्वावलम्बन के दो पहलू कौन-कौन हैं ?

(क ) परिश्रम और दूसरों का सहारा

(ख ) आत्मनिश्चय और आत्मनिर्भरता

(ग ) मेहनत और पड़ोसियों से सहायता लेना

(घ ) आराम के साथ-साथ सभी पर भरोसा

2.परावलम्बन किसे कहते हैं ? (सही कथन का चयन कीजिए।)

(क ) दूसरों से काम लेना

(ख ) दूसरों पर भरोसा करके काम बन्द कर देना

(ग ) छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दूसरों पर आश्रित रहना

(घ ) पराये काम में सहायता करना

3.'परावलम्बन' सन्धि विच्छेद कीजिए।

(क ) परा + वलम्बन

(ख ) पर + अवलम्बन

(ग ) पर + आवलम्बन

(घ ) (b) परा + अवलम्बन

4.ईश्वर भी उसी की सहायता करता है, जो ............। (उपयुक्त कथन से वाक्य पूरा कीजिए)

(क ) दूसरों से सहायता लेते हैं

(ख ) दूसरों का विरोध करते हैं

(ग ) अपनी सहायता स्वयं करता है

(घ ) किसी की सहायता नहीं करता है

5.तुलसीदास किस प्रकार भारत के लोककवि कहलाए ?

(क ) बिना परिश्रम किए

(ख ) दूसरों की कृपा से

(ग ) आत्मनिर्भरता के सहारे ही स्वतंत्र लेखन का कार्य करके

(घ ) जगह-जगह प्रचार करके

प्रश्न 2.अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×5=5)

उठो धरा के अमर सपूतो
पुनः नया निर्माण करो।
जन-जन के जीवन में फिर से
नई स्फूर्ति, नव प्राण भरो।
नया प्रात है, नई बात है,
नई किरण है, ज्योति नई।
नई उमंगें, नई तरंगें,
नई आस है, साँस नई।
युग-युग के मुरझे सुमनों में,
नई-नई मुसकान भरो।
डाल-डाल पर बैठ विहग कुछ
नए स्वरों में गाते हैं।
गुन-गुन, गुन-गुन करते भौंरे
मस्त हुए मँडराते हैं।
नवयुग की नूतन वीणा में
नया राग, नवगान भरो।

1.कवि ने धरा के अमर सपूतों को क्या करने के लिए कहा है ?

(क ) नया निर्माण करने के लिए

(ख ) जीवन में नई स्फूर्ति भरने के लिए

(ग ) जीवन में नए प्राण भरने के लिए

(घ ) उपर्युक्त सभी

2.कवि युगों-युगों के मुरझाए सुमनों में भरने के लिए कहता है। (सही शब्द से वाक्य पूरा कीजिए।)

(क ) शक्ति

(ख ) मुस्कान

(ग ) नफ़रत

(घ ) ईर्ष्या

3.इनमें से क्या-क्या नया है ? ( छाँटकर लिखिए)

(क ) प्रातः, बात

(ख ) किरण, ज्योति

(ग ) उमंगें, तरंगें

(घ ) उपर्युक्त सभी

4.कवि किसमें नया राग और नयागान भरने के लिए कहता है ?

(क ) नवयुग में

(ख ) नवयुग की नूतन वीणा में

(ग ) सागर में

(घ ) नूतन वीणा में

5.'मुरझे सुमनों' का वास्तविक अर्थ क्या होगा ?

(क ) मुरझाए हुए सुमन

(ख ) मुरझाए हुए फूल

(ग ) निराशा से भरे हुए सुन्दर मन

(घ ) मुरझाए हुए सुन्दर मन

(खंड -ख )

कार्यालय हिंदी

प्रश्न 3. दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×2=2)

1. ऑल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई।

(क ) 1930

(ख )1936

(ग )1947

(घ )1951

2. भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है।

(क ) वेदों को

(ख ) देवर्षि नारद को

(ग ) उपनिषदों को

(घ ) मनु को

3. 'संचार' शब्द की उत्पत्ति किस धातु से हुई है।

(क ) चर

(ख ) चार

(ग ) संचा

(घ ) संच

प्रश्न 4. दिए गए प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×2=2)

(क ) ‘संचार’ का अर्थ क्या है?

(ख ) ‘संचार ‘के साधन कौन-कौन से हैं?

(ग ) किन्हीं दो प्रमुख हिंदी अखबारों के नाम बताइए।

प्रश्न 5.नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को मोहल्ले की सफाई के विषय में पत्र लिखिए।(5×1=5)

अथवा

दूरदर्शन पर प्रसारित कार्यक्रमों की समीक्षा एवं सुझाव हेतु किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 6. दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×4=4)

हम तौ एक करि जांनानं जांनां ।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिंन पहिचांनां।
जैसे बढ़ी काष्ट ही कार्ट अगिनि न काटे कोई।
सब घटि अंतरि तूही व्यापक धरै सरूपै सोई।
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।
एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।
माया देखि के जगत लुभांनां कह रे नर गरबांनां
निरभै भया कछू नहि ब्यापै कहैं कबीर दिवांनां।

(क )कबीरदास परमात्मा के विषय में क्या कहते हैं?

(ख ) पाठ तथा कवि का नाम लिखिए

(ग )संसार नश्वर है, परंतु आत्मा अमर है-स्पष्ट कीजिए।

(घ )कबीर ने किन उदाहरणों दवारा सिदध किया है कि जग में एक सत्ता है?

प्रश्न7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2×3=6)

(क )मानव शरीर का निर्माण किन पंच तत्वों से हुआ है?

(ख )कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

(ग )भ्रमित लोगों पर कवि की क्या टिप्पणी है?

(घ )कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(3×2=6)

(क )लड़कियाँ हैं, वह घास-फूस की तरह बढ़ती चली जाती हैं।’ वाक्य समाज में लड़कियों की स्थिति की किस वास्तविकता को प्रकट करता है?

(ख ) मासिक वेतन को पूर्णमासी का चांद क्यों कहा गया है?

(ग )“नमक का दारोगा” कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तितत्व के कौन-से दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं?

(खंड-ग )

प्रश्न 9. दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×3=3)

1.भारतीय गायिकाओं में बेजोड़- लता मंगेशकर’ पाठ के लेखक कौन हैं?

(क) कुमार गौरव

(ख) कुमार गंधर्व

(ग) विलायत खां

(घ) दीनानाथ मंगेशकर

2- लता मंगेशकर के पिता का नाम है-

(क) रमानाथ मंगेशकर

(ख) दीनानाथ मंगेशकर

(ग) काशीनाथ मंगेशकर

(घ) विश्वनाथ मंगेशकर

3- लेखक कुमार गंधर्व ने सबसे पहले लता की आवाज कहां सुनी थी?

(क) टेलीविजन पर

(ख) रेडियो पर

(ग) फिल्म में

(घ) लाइव कार्यक्रम में

4- चित्रपट संगीत में लता के पहले प्रसिद्ध गायिका कौन थी?

(क) मुमताज बेगम

(ख) नूरजहां

(ग) आबिदा परवीन

(घ) परवीन सुलताना

प्रश्न 10. दिए गए प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(1×2=2)

(क )लेखक के अनुसार भारतीय गायिकाओं में लता मंगेशकर बेजोड़ क्यों है?

(ख )लेखक के अनुसार लता ने किस रस के गाने के साथ न्याय नहीं किया है?

(ग )संगीत में ‘गानपन’ का क्या अर्थ है?